बीईसीई–107

स्नातक उपाधि कार्यक्रम
(बीडीपी)

सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोड : बीईसीई–107

पाठ्यक्रम शीर्षक : भारत में औद्योगिक विकास

(2024–25)

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदानगढ़ी, नई दिल्ली **-110 068**

पाठ्यक्रम कोड : बीईसीई–107
पाठ्यक्रम शीर्षक : भारत में औद्योगिक विकास
(2024–25)

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि बीडीपी की कार्यक्रम दर्शिका में वर्णित है, आपको अर्थशास्त्र बीईसीई–107 के इस ऐच्छिक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। यह अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टीएमए) है और इसके 100 अंक हैं।

यह जरूरी है कि आप सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में ही दें। टीएमए की रूपरेखा ऐसे तैयार की गई है ताकि आपको विभिन्न श्रेणियों के प्रश्नों के उत्तर देने के योग्य बनाया जा सके। सुव्यवस्थित, सटीक एवं सशक्त ढंग से उत्तर प्रस्तुत करने की आपकी योग्यता को ध्यान में रखकर आपके सत्रीय कार्य का मूल्यांकन किया जाता है।

सत्रीय कार्य तीन भागों में विभाजित है। स्मरण रहे, सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। भाग **क** में दो दीर्घ उत्तर प्रश्न सम्मिलित हैं और प्रत्येक के 20 अंक हैं। भाग **ख** में चार मध्यम उत्तर प्रश्न सम्मिलित हैं और प्रत्येक के 12 अंक हैं। जब कि भाग **ग** से आपको दो प्रश्नों के उत्तर देने हैं और प्रत्येक के छह अंक हैं।

जमा करना

पूरा किया गया सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र के संचालक के पास निम्नलिखित समय–सारणी के अनुसार जमा कराएँ :

दिसंबर, 2024 सत्रांत परीक्षा के विद्यार्थियों के लिए	**:**	**30.9.2024**
जून, 2025 सत्रांत परीक्षा के विद्यार्थियों हेतु	**:**	**31.03.2025**

बी.ई.सी.ई.–107 : भारत में औद्योगिक विकास

कार्यक्रम कोड : बीडीपी
सत्रीय कार्य कोडः बीईसीई–107 / सत्रीय कार्य / 2024–25
अधिकतम अंकः 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क) दीर्घ उत्तर प्रश्न **20 x 2 = 40 अंक**

(प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए)

1. औद्योगिक रुग्णता को परिभाषित कीजिए। इसके लक्षण और क्या हैं? सरकार द्वारा रुग्ण इकाइयों को पुनः स्थापित करने के लिए क्या उपाय अपनाए गए हैं?

2. भारत में औद्यागिक क्षेत्र के कृषि और सेवा क्षेत्रों के साथ संबंधों की प्रकृति का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

ख) मध्यम उत्तर प्रश्न **12 x 4 = 48 अंक**

(प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए)

3. भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्था में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

4. आप औद्योगिक रुग्णता को कैसे पारिभाषित करते हैं? औद्योगिक रुग्णता के महत्वपूर्ण विवरण दीजिए।

5. उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले कारकों का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

6. विनिवेश का क्या अर्थ है? भारत में विनिवेश के लिए पक्ष और विपक्ष में कारण बताइये।

ग) लघु उत्तर प्रश्न **6 x2 = 12 अंक**

(प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए)

7. निम्नलिखित में से किन्ही दो पर संक्षिप्त टिप्पणि लिखिए।

   क) निगम सामाजिक उत्तरदायित्व

   ख) भारत में प्रतिस्पर्धा कानून के प्रमुख मुद्दे

8. निम्नलिखित शब्दों को परिभाषित कीजिए और व्याख्या कीजिए कि वे क्यों महत्वपूर्ण हैं?

   क) प्रिंसिपल–एजेंट समस्या

   ख) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम